पंजाब केसरी 12/02/2023

# गायत्री मंत्र एवं सूर्य नमस्कार के साथ शुरू किया शिविर

अम्बाला छावनी, 11 फरवरी (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा गांव खुड्डा कलां में चलाए जा रहे 7 दिवसीय शिविर का आरंभ गायत्री मंत्र एवं सूर्य नमस्कार द्वारा हुआ। स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार के लाभ के बारे में बताया गया। सत्र के आरंभ में आत्मनिर्भर भारत समृद्ध भारत पर सीताराम द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होंने भारत के समृद्ध अतीत पर बात की।



*शिविर के दौरान सूर्य नमस्कार करते स्वयंसेवक।*

उन्होंने कहा कि युवा ही भारत के मानचित्र को वैभवशाली बना सकते हैं। आत्मनिर्भर की धारणा भारत को वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित करेगी। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गांव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।

उन्हें गत्ता बनाने के कारखाने में ले जाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गांव में विभिन्न विषयों के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। डा. अनीश ने बताया कि शिविर के दूसरे सत्र में बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी गतिविधियां करवाई गई।

डा. सरोज ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गांव में वहां के लोगों से संवाद द्वारा उनका अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

उधर, कालेज के ही राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आश्रय संस्था के समझौता ज्ञापन के तहत और कालेज के अंग्रेजी विभाग, यूथ रैडक्रॉस, एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर जांच का आयोजन किया गया।

शिविर में नागरिक अस्पताल से आई टीम में डा. जोगिंद्र मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। जांच शिविर में अस्पताल से 2 मोबाइल वैन मौजूद रहीं। कैम्प में करीब 100 से अधिक विद्यार्थियों और प्राध्यापकों की सांस और फेफड़ों से संबंधित, बी.पी. और शूगर की जांच, घुटने, कमर के दर्द, आंखों व सिर के दर्द और अन्य कई प्रकार की बीमारियों की जांच की गई।